# केशवसृष्टि समाचार

Postal Registration No. THW/06/2017-2019 Posted at Partika Channel Sorting Office, Mumbai GPO 400001. Published on 5th of every month & Posting on 7th and 8th of every month. RNI no. 72232/99

वर्ष १९ । अंक ५ । भायंदर । मई २०१९ । विक्रम संवत २०७५ । पृष्ठ २० । मूल्य रु. १०/- वार्षिक रु.१००/-

राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय में

## पाद्य पूजन समारोह







## उपाधि-ग्रहण समारोह



## Ram Ratna Vidya Mandir Student's Selection



35 students got selected from 60 students to become NIE star correspondents for 2019-20



Masters Manan Shah Qualified both the rounds



One spirit, one team, one win !!!



Students take lead in Basket Ball !!!

---



**हेलेन ओ ग्रेडी**
(वार्षिक नाट्य समारोह)
राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय में
मुख्य अतिथि
**श्रीमान नारायण अय्यरजी**
का स्वागत सम्मान





---

**"आओ बात करे" बाल शोषण एक जंग जिसे श्रीमान महेश पंजाबी द्वारा संचालित किया गया**






**जामझाड़ पाडा का दौरा - एक आश्चर्यजनक अनुभव**







**राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय द्वारा पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक विभाग के छात्रों के लिए एस्सेल वर्ल्ड में एक दिवसीय पिकनिक**





## संपादकीय

इस मास की पहली ही तारीख़ को सुखदायक शुभ समाचार प्राप्त हुआ। वर्तमान भारत सरकार की कूटनीति की बहुत बड़ी विजय - मसूद अज़हर अन्तरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित हुआ । बहुत वर्षों से चीन अड़ंगा डाल रहा था; अन्ततः उसे अन्तरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकना पड़ा । एक दृष्टि से देखा जाये तो कुछ हद तक इसका श्रेय भारतीय जनता को भी जाता है। गत कुछ समय से जनता ने जो चीनी वस्तुओं का बहिष्कार प्रारंभ किया था, अखिल भारतीय स्तर पर व्यापारियों ने चीनी माल का आयात बन्द किया था और चीनी सामान की होली जलायी थी, उसका भी असर हुआ है । चीन को भारी आर्थिक हानि होने वाली थी जो सहन करना कठिन होता। चलिए, सर्जिकल स्ट्राईक, फिर बालाकोट के आंतकवादी अड्डे ध्वस्त और अब मसूद अज़हर भी एक प्रकार से ठिकाने लग गया। भारत ने इस कार्य में सहयोग देनेवाले देशों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमने आतंकवाद को अब कश्मीर के कुछ हिस्सों तक सीमित कर दिया है, कुछ वर्षों से अब भारत के अन्य भागों में बड़ी आतंकी वारदातें नहीं हुई हैं। परन्तु माओवादियों का आतंकवाद तो अब भी है। कुछ दिन पूर्व ही गढ़चिरोली में एक नागरिक और १५ जवान शहीद हो गये। कितनी गाड़ियाँ भी जला दी गयीं। पता नहीं क्यों केवल प्रान्तीय स्तर पर ही कार्रवाई हो रही है? जहाँ जहाँ भी नक्सलवादी हैं, उन सभी प्रदेशों में एक साथ बड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही, जिससे उन्हें भागकर अन्य प्रदेश में जाने का अवसर ही न मिल सके? ऐसी कार्रवाई के साथ ही आतंकवादियों के जो स्लीपर सेल हैं, छुपे गद्दार हैं उन्हें भी ठिकाने लगाना चाहिए। दूरदर्शन पर ऐसे लोग खुलकर आतंकवादियों का समर्थन करते हैं। एक समुदाय विशेष के लोग धमकियाँ तक देते हैं कि वे अन्य सम्प्रदाय के लोगों के घरों में घुसकर मारेंगे अथवा कुछ समय सेना को दूर रखें फिर देखना कैसी तबाही मचाते हैं। आश्चर्य है कि सरकार ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं करती।

गत मास श्रीलंका में बहुत बड़ा आतंकी आक्रमण हुआ। तीन सौ से अधिक लोग मारे गये और पाँच सौ से अधिक लोग घायल हुए। भारतीय जनता उनके इस दुख में सहभागी है । श्रीलंका सरकार आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। लोकसभा का चुनाव आधे से अधिक स्थानों पर पूरा हो गया। पहले से मतदान अधिक हो रहा है। यह किसके खाते में जायेगा यह तो दिनांक २३ को पता चलेगा परन्तु एक बात तो देखी जार रही है कि नेताओं की बैखलाहट उनके भाषणों में प्रगट हो रही है। भाषा का स्तर नीचे गिरता जा रहा हैं। अब तो इसमें बच्चों को भी शामिल किया जा रहा है। आख़िर ये लोग बच्चों को क्या संस्कार देना चाहते हैं?

इस मास अक्षय तृतीया और बुद्धपूर्णिमा अर्थात् भगवान बुद्ध की जयन्ती, बुद्धत्व प्राप्ति और निर्वाण का दिन, वैसे ही रवीन्द्रनाथ ठाकुर, आद्यशंकराचार्य व रामानुजाचार्य की भी जयन्ती आ रही है। उन महापुरुषों को सादर नमन।

फैनी चक्रवात ने भारत के पूर्वी तटीय क्षेत्र में दस्तक दे दी और विशेषतः ओड़िशा, बंगाल और आंध्र प्रदेश में तबाही मचा दी। इन पंक्तियों के लिखने के समय चक्रवात उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर बढ़ रहा है। इस बार प्रशासन के द्वारा समय रहते करोड़ों लोगों का स्थानांतरण कराया गया, इसलिए इस बार जनहानि अधिक नहीं हुई है।

गढ़चिरोली में शहीद हुए लोगों को केशवसृष्टि परिवार श्रद्धासुमन अर्पित करता है और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु परमात्मा से प्रार्थना करता है।

### बोध-वाक्य

*समानो मंत्रः समितिः समानी*
*समानं व्रतं सहचित्तमेषाम् ।*
*समानेन वो हविषा जुहोमि*
*समानं चेतो अभिसंविशध्वम् ।।*

*(अथर्व वेद६.६४.२)*

*हे बंधुओं! हमारे विचार समान हों।*
*हमारी सभा सबके लिए समान हो।*
*हम सबका संकल्प एक समान हो।*
*हम सबका चित्त एक समान भाव से भरा हो।*
*एक विचार होकर अपने कार्य में एक मन से लगे।*
*इसीलिए हम सबको समान मौलिक शक्ति मिली है।*


## केशवसृष्टि समाचार

मई २०१९ मासिक

वर्ष २० | मूल्य रु. १०/-
अंक ५ | *वार्षिक* रु. १००/-

**संपादक मंडल :**

**सुदर्शन शर्मा**
(मुख्य संपादक)

**व्यासकुमार रावल**
**विजय इंगळे**

**कार्यालय :**

केशवसृष्टि, उत्तन,
भायन्दर, जि. ठाणे

**दूरभाष :**
२८४५०२४७, २८४५२८५५

मुद्रक एवं प्रकाशक
सुरेश भगेरिया
केशवसृष्टि के लिए

**युनिटी आर्ट ऑफसेट :**

३०२, वडाला उद्योग भवन,
वडाला, मुंबई - ४०० ०३१.
से मुद्रित और केशवसृष्टि,
उत्तन,भायन्दर, जि. ठाणे
से प्रकाशित हुई है।




CMYK

# केशवसृष्टि के विभिन्न प्रकल्पों में हुआ भगवान स्वामीनारायण का अभिषेक



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर दादर से भगवान स्वामीनारायण की प्रतिमा विजयभाई मकवाना,आशीष परमार दर्श शाह, निशित दर्जी तथा बृजेश पंचाल के प्रतिनिधित्व में केशवसृष्टि आई जहाँ पर विभिन्न संस्था कार्यालयों में भगवान स्वामीनारायण का अभिषेक और आरती हुई तथा नीलकंठवर्णी प्रभु के किशोर स्वरूप से मनोरथ सिद्ध की कामना की गई।

**केशवसृष्टि गौशाला**

नवरात्रि की षष्ठी तिथि अर्थात मा कात्यायनी स्वरूपा के दिन स्वामी नारायण प्रतिमा का सर्व जीव प्राणी मात्र के कल्याण हितार्थ गौशाला के कार्यवाह डॉ सुशील अग्रवाल के नेतृत्व में गौमाता की साक्षी में अभिषेक किया गया। बाद में गौशाला के माधव व मनिषाताई सहित गौशाला के कर्मचारियों द्वारा आरती की गई । बाद में भगवान स्वामीनारायण की प्रतिमा को पूर्ण गौशाला में विचरण करवाया गया।

**केशवसृष्टि कार्यालय**

नीलकंठवर्णी स्वामीनारायण भगवान का अभिषेक केशव सुष्टि कार्यालय में भी किया गया । इस अवसर पर दाऊदयालजी शर्मा, अनुपमजी शुक्ला, डॉ. सुशील अग्रवाल, व्यासकुमार रावल, निशा मरोलिया, गणपत बांगड़, अरदीप राठौड़, रोहिदास आदि की उपस्थिति में आरती की गई तथा केशव सुष्टि कार्यालय में भगवान स्वामीनारायण का विचरण करवाया गया।

**वनौषधि**

भगवान स्वामी नारायण का अभिषेक सर्व जीवों में परम सुख व आत्मिक कल्याण के लिए वनौषधि में भी किया गया । इस अवसर पर डॉ. श्रुति वारंग, विष्णु सातपुरे, उर्मिला दिगंबर, पूजा भगत, मथुरा वलवी, संजय बांगड़ सहित अनेक कर्मचारियों की उपस्थिति में अभिषेक, पूजा व आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

**कृषितंत्र निकेतन**

कृषि तंत्र निकेतन के प्रकाश राजाध्यक्ष, घनश्याम बागवे तथा अनघा माण्डवकर की उपास्थि में कृषि तंत्र निकेतन में भी स्वामीनारायण भगवान का अभिषेक, पूजा की गई। बाद में सागर येवले, मंजूषा, ठाकुरजी, रत्नाकर वांगत की उपस्थिति में आरती की गई । इस अवसर पर विजय मकवाना द्वारा भगवान स्वामीनारायण के जीवन चरित्र पर जानकारी दी गयी।

**राजपुरिया वानप्रस्थाश्रम**

भगवान स्वामीनारायण के आगमन पर वानप्रस्थियों में काफी उत्सुकता देखी गयी । आश्रम के शिव ध्यानालय में भगवान बिराजमान हुए। यहाँ पर अशोक दम्माणी निर्मला देसाई, सुरेखा दलवी, मृदुला फाटक सहित भारी मात्रा में वानप्रस्थियों ने स्वामीनारायण का अभिषेक किया पूजा की, आरती की तथा उत्तम स्वास्थ्य की भगवान से कामना की। बाद में भगवान की प्रतिमा को पूरे आश्रम में मनोवांछित शुभ संकल्पपूर्ति के लिए विचरण करवाया गया। इस अवसर पर सभी प्रकल्पों में पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज का दिव्य संदेश भी सुनाया गया।

यहाँ यह गौरतलब है कि जिस प्रतिमा का अभिषेक किया गया वह नीलकंठवर्णी भगवान स्वामीनारायण का किशोर स्वरूप है। उसका श्रद्धापूर्वक अभिषेक करने से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं काम क्रोध स्वभाव की निवृत्ति होती है तथा जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है । प्रमुख स्वामी महाराज का ४ दिसंबर को जयंती समारोह मनाया जाना है तथा भगवान की यह किशोर रूपी प्रतिमा मुम्बई में करीब डेढ़ लाख घरों तक जायेगी जहाँ लोग इसका अभिषेक कर सकेंगे, ऐसा विजय मकवाना ने बताया।

०००

# बीज गोलक कार्यशाला का आयोजन



केशवसृष्टि माय ग्रीन सोसाइटी के माध्यम से शहर में हरित क्रांति लाने के उद्देश्य से ३० अप्रैल मंगलवार सेवन इलेवन ऐकेडमी, भायंदर में बीज गोलक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अरदीप राठौड़ तथा रोहिदास ने बच्चों को शिड बॉल्स का महत्व समझाया।

कार्यशाला में सेवन इलेवन के करीब ४५० विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इस अवसर पर १००० की संख्या में बीज गोलक का वितरण किया गया! शिड बॉल मेकिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों के अतिरिक्त सेवन इलेवन की प्रिंसिपल करुणा जाधव, सुमन नरेंद्र मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष हेमंत म्हात्रे, नगर सेवक डॉ सुशील अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे ! गौरतलब है कि बीज गोलक वह प्रक्रिया है जिसके तहत एक मिट्टी का गोला बनाया जाता है जिसमें गौमूत्र व अन्य घटक के साथ उस गोले में बीज डाला जाता है जिसे बाद में उचित स्थान पर डाला जाता है जहाँ पर बारिश आने पर वहा पौधा उगता है।


With Best Complients From :

**Siddhartha Super Spining Mills Ltd.**

**Head Office :**

A - 104, Gokul Arcade, Sahar Road, Vile Parle (E), Mumbai - 4000 057.
Ph : 022 - 66937161 / 62 Fax : 66936851
E-Mail : nagani@vsnl.com, Shreenagani@gmail.com

**Regd. Office Cum Works:**

Village : NIHLA KHERA - NALAGARH - 174 101, DIST. : SOLAN (H.P.)
Phone : 223012, 223014 • Fax : 01795-220 441 • Gram : Superspin
Email : siddharthasuper@gmail.com, sssmltd@sancharnet.in

# केशवसृष्टि – ग्रामविकास योजना

## मासिक वृत्तांत अप्रैल, २०१९

### कार्यकर्ता बैठक ३ अप्रैल, २०१९

ग्रामविकास योजना की कार्यकर्ता बैठक बुधवार दिनांक ३ अप्रैल को स्वामी महविद्यालय के हॉल में हुई। ग्रामविकास योजना के सभी अधिकारी, कर्मचारी, माधव संस्कार केंद्र के शिक्षक, तथा ग्राम समिति के कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कल्याण विभाग कार्यवाह श्री रवींद्र रहालकर जी ने ग्रामविकास योजना के काम की सराहना की और कहा कि ग्रामविकास के कामों को सफलता मिलने के लिये स्वावलंबन तथा समरसता इन दो विषयों पर सलाह दी। २०१९ अप्रैल में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बताया कि हमने १०० प्रतिशत मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करना चहिये तथा लोग नोटा का उपयोग न करें इसलिए लोगों में देश के नेतृत्व के प्रति श्रद्धा जगाने की सलाह दी।

-----------------------------

### तानसा विभाग के ३ गांवों को मिली सोलर बिजली ६ अप्रैल, २०१९

गुड़ी पाड़वा के दिन तानसा विभाग के कोंबपाडा, भांगरेपाडा, पेढरी गांवों में सोलार बिजली मिली है। टाटा कॅपिटल, ग्राम ऊर्जा और ग्रामविकास योजना के सौजन्य से ये काम पूरा हुआ। पिछले तीन महिनों से चल रहे अथक परिश्रमों का यह नतीजा मिला। योजना के अंतर्गत कुल मिला कर ७ गांव हैं जो वन क्षेत्र में पड़ते हैं। इस वजह से वहाँ काम करना सबसे कठिन हुआ।

तीनों गांवों के हर घर में बिजली पहुँची और गुड़ी पाड़वा के दिन सारे घर चमक उठे। हर घर को ४ बल्ब तथा दो इलेक्ट्रिक बोर्ड दिये गए। ग्रामस्थों में बिजली आने की वजह से बड़ा उत्साह दिखता है। इस बिजली से हर घर में फ्रिज, टीवी और चक्की भी चलाई जा सकती है। इस बिजली से नल पानी योजना की मोटर भी चल सकती है। ग्रामस्थों ने इस योजना का रखरखाव करने की जिमेंदारी ली है जिसके लिये उन्होंने बँक में खाता खोल कर पैसा जमा भी किया है। यह निश्चितही प्रशंसनीय काम है।



**गुड़ी पाड़वा के दिन सोलार बिजली प्रकल्प का उद्घाटन**

-----------------------------

### स्मार्ट गांव प्रमोचन (लॉन्च) ७ अप्रैल, २०१९

दिनांक ७ अप्रैल, २०१९ को स्मार्ट गांव योजना की शुरुआत, ग्रामविकास योजना के वाडा कार्यालय में की गई। इस कार्यक्रम में स्मार्ट गांव योजना के संस्थापक श्री योगेश साहू और रजनीश बाजपेई उपस्थित रहे। पिंपलास गांव में जा कर गांववालों से वार्तालाप कर वे उद्घाटन समारोह में पधारे। मुंबई युवा प्रमुख श्री विकास बंका तथा श्री कृष्ण गोपाल मंत्री, श्री निशी सिंगला, श्री नीलकंठ अय्यर, श्रीमती सुचित्रा इंगले, श्री गौतम मुखर्जी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। ग्रामविकास योजना के सभी कार्यकर्ता, कर्मचारी, तथा श्री संतोष गायकवाड और श्री अरविंद मार्डीकर जी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्री विकास बंका जी ने निमंत्रितों का स्वागत किया और जानकारी दी। श्री योगेश जी और रजनीश जी ने स्मार्टगांव योजना की विस्तृत

जानकारी देते हुए केशवसृष्टि के माध्यम से वाडा, विक्रमगड और जव्हार के १० गांवों में इस योजना की शुरुआत करने की घोषणा की। चुने हुए १० गांवों के कार्यकर्ताओं, और सरपंचों की उपस्थिति में यह घोषणा की गयी । सभी गांवों के कार्यकर्ता तथा ग्रामस्थ इस योजना से गांव के विकास कार्य में सहभागी होंगे। सभी ने उत्साह से इस योजना की शुरुआत का स्वागत किया।



**ग्रामविकास योजना के माध्यम से वाडा, विक्रमगड, तथा जव्हार के दस गांवों में स्मार्ट गांव योजना की शुरुआत करने की घोषणा**

-----------------------------------

## फार्म हाऊस मॅनेजमेंट प्रशिक्षण पहला सत्र पूरा १० अप्रैल, २०१९

श्री सर्वेश सिंग के सौजन्य से, पिछले महीने से चल रहे इस प्रशिक्षण का आख़िरी दिन बुधवार दिनांक १० अप्रैल को पूरा हुआ । इस प्रशिक्षण में पौधे लगाना और गमलों को ठीकठाक करने का प्रात्यक्षिक हुआ। साथ ही खाना पकाने के प्रात्यक्षिक में पुलाव बनाना सिखाया गया। आख़िरी चरण में ग्राम विकास हेतु प्रभावशाली कार्यक्रम के लिये टिप्स दिये गये । इस प्रशिक्षण में हर विषय को सूक्ष्म स्तर पे जा कर सिखाया गया। ९ ग्रामीण युवाओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ लिया।

-------------------------------

## लखपति किसान योजना मर्गादर्शन दिनांक १७ अप्रैल, २०१९

ग्रामविकास योजना और टाटा ट्रस्ट के माध्यम से लखपति किसान योजना वाडा, विक्रमगड और जव्हार तालुका के १० गाँवों में लागू करने की योजना बनाई गई है। टाटा ट्रस्ट के लखपति किसान योजना के प्रॉजेक्ट हेड श्री ओंकार पांडे जी दिनांक १६ और १७ अप्रैल को वाडा आए। मंगलवार, दिनांक १६ अप्रैल को उन्होंने वाडा कार्यालय में इस योजना के बारेमें विस्तृत जानकारी दी।

श्री महेश चितले, श्री संदेश बोरसे और सभी विस्तारकों के साथ योजना के हर आयाम का सूक्ष्म स्तर पर नियोजन हुआ। इस नियोजन में श्रीं अरविंद मार्डीकर तथा श्री महेश नायक जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बुधवार दिनांक १७ अप्रैल को चुने हुए १० गाँवों के १०० से भी अधिक किसान बंधुभगिनी को उन्होंने लखपति किसान योजना के बारे में पूरी जानकारी दी। यह कार्यक्रम स्वामी कॉलेज के हॉल में हुआ। जानकारी देने के बाद इस योजना के बारे में सभी किसान प्रभावित हुए और उन्होंने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का संकल्प लिया। इस समारंभ में गाँवों के किसानों ने भी अपना मनोगत रखा जिसमें बिरारीपाडा श्री अनिल डोके, वडपाडा के श्रावण राथड तथा कापरी के घनश्याम तिखंडे ने बताया कि ग्रामविकास योजना के माध्यम से अब तक हुए कामों मे भारी सफलता मिली है। इस मनोगत से सभी किसानों का मनोबल बढा।



**श्री ओंकार पांडेजी किसानों को संबोधित करते हुए**

--------------------------------

## महिला मतदार जागृति अभियान दिनांक २० अप्रैल, २०१९

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोंकण प्रांत के ग्रामविकास प्रमुख श्री दीपक दत्तात्रय पाटील जी ने वाडा तालुका की महिलाओं को संबोधित किया । वाडा के स्वामी

महविद्यालय के नूरबाग हॉल में हुए इस समारोह में वाडा तालुका की ७० से अधिक महिलाएँ उपस्थित थीं। श्री दीपक पाटील जी ने महिलाओं को आनेवाले चुनाव को लेकर आवाहन किया कि अपने मतदार क्षेत्र में १०० प्रतिशत मतदान हो इस की जिम्मेदारी महिलाओं ने उठानी चाहिये।




**दीपक पाटील जी महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए**

---

## धडगाव, नंदुरबारलखपति किसान योजनाअभ्यास दौरा २५, २६ अप्रैल, २०१९

धडगाव में टाटा ट्रस्ट के माध्यम से चल रहे लखपति किसान योजना प्रकल्प में शामिल किसानों से वार्तालाप तथा उनके कार्य को देखने के लिए ग्राम विकास योजना ने अभ्यास दौरे का आयोजन किया। श्री संतोष गायकवाड, श्री संदेश बोरसे, श्री निमेश विशे, श्री विजय धापसी, श्री सिचन पाचलकर, तथा श्री दिलीप घाटाळ के साथ, वाडा, विक्रमगड, तथा जव्हार तालुका के ७ गाँवों से २४ ग्रामस्थ इस दौरे में शामिल हुए। इस योजना के लिए ग्रााम‍विकास योजना के माध्यम से १० गाँव चुने गए हैं। बकरी पालन तथा उनका निर्जंतुकीकरण, गाँव में हुए पानी के काम, १००% महिलाओं ने चलाई गई गांव उपजीविका समिति जो सारे गांव में काम का नियोजन करती है, आधुनिक तरीके से की गई बैंगन, टमाटर और तरबूज की खेती, पॉली-हाऊस में तैयार की गई हाय टेक रोपवाटिका इन सब का परिक्षण और निरीक्षण इस दौरे में किया गया। इस दौरान किसानों का मनोगत भी बताया गया जिसमें उन्होंने कैसे उनके गाँव का और उनका परिवर्तन किस प्रकार हुआ यह बताया।



**बकरी निर्जंतुकीकरण**

---

## लोकशाही महोत्सव दिनांक २९ अप्रैल, २०१९

२९ अप्रैल को थाने के वाडा, विक्रमगड, तथा जव्हार तालुका में मुंबई के साथ साथ लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। ग्रामविकास योजना के सभी कार्यकर्ताओं ने १००% मतदान हो इसलिए काफी मेहनत की। टेटवाली गांव में ८१% मतदान हुआ। इस भारी यश के पीछे बांबू हस्तकला केंद्र, टेटवाली की महिलाओं का बड़ा योगदान रहा। इन महिलाओं ने मतदान के लिए गांववासियों का, घर घर जा कर, प्रबोधन किया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। इस केंद्र की महिलाओं का ग्राम विकास योजना की तरफ से हार्दिक अभिनंदन।

---

## जल स्रोत संधारण प्रकल्प अप्रैल, २०१९

इस योजना के तहत इस वर्ष विक्रमगड और जव्हार के १० गाँवों में तथा वाडा तालुका के १० गांवों में काम हो रहा है। कुंभारखांड, जव्हाार में कुंआ तथा भूमिगत बंधारे का काम इस महिने में पूरा हुआ। गांव के लोगों ने इस काम में पूरा सहयोग दिया। इस योजना का लाभ गाँव के ४२ कुटुंबों के २०७ लोगों को होगा। इस कुंए की वजह से ना सिर्फ पीने के पानी की बल्कि खेती के पानी की भी समस्या दूर होगी। बाकी के काम भी तेजी से पूर्तता की और बढ रहे है।

०००

# रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनीचे युवकांसाठी समाजभान शिबिर

**दि. २५ एप्रिल २०१९ :** रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनीच्या वतीने दि. १ ते ७ जून २०१९ या कालावधीत युवकांसाठी 'समाजभान शिबिर' योजण्यात आले आहे.

या शिबिराची संकल्पना सात दिवस, सात सूत्रे, सात कौशल्ये या त्रिसूत्रीवर आधारित असून भारताच्या तरुणाईला, आत्मनिर्भर करणारे, आधुनिक वर्तमानातून सक्षम भविष्याच्या दिशेने वाटचाल करण्यास प्रेरित करणाऱ्या या शिबिराचे 'आपणासी ओळखावे आपण' हे घोषवाक्य आहे.

समाजभान शिबिरात राष्ट्रीय एकात्मता सामाजिक न्याय, ग्राम जीवनाची ओळख, सर्वेक्षण शास्त्राची ओळख, व्यावहारिक नेतृत्व शास्त्राचा परिचय सहभागींना करून दिला जाणार आहे.

या आगळ्या वेगळ्या समाजभान शिबिरात १८ ते २५ वयोगटातील महाविद्यालयीन विद्यार्थी, सामाजिक क्षेत्रातील युवा कार्यकर्ते तसेच समाजशास्त्र, राज्यशास्त्राच्या अभ्यासात रुची असणाऱ्या तरुणांना या 'समाजभान शिबिरात' सहभागी होता येईल. या शिबिरात सहभागी होऊ इच्छिणाऱ्यांनी दि.२१ मे २०१९पूर्वी आपली नावे नोंदणी कार्यालयात नोंदवावीत.

**नोंदणीसाठी संपर्क :** अनिल पांचाळ ९९७५४१५९२२ दिलीप नवेले ९९६७४२९४५६

**नोंदणी कार्यालय :**

रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी, १७ चंचल स्मृती,
गं. द. आंबेकर मार्ग,
श्रीराम इंडस्ट्रीयल इस्टेट समोर, वडाळा, मुंबई- ३१.
दू. क्र. ०२२ - २४१८५५०२ / २४१३६९६६

**शिबिर स्थान :**

रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी, ज्ञान-नैपुण्य केंद्र,
केशवसृष्टी, एस्सेल वर्ल्ड रोड, भाईंदर (पश्चिम),
जि. ठाणे. संपर्क : ०२२-२८४५०१०१/०२/०३



सायनोफार्म प्रशिक्षु को मुंबई यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित

# नॅशनल कॉनफरन्स 'विश्लेषण-२०१९' प्रतियोगिता में शोधपत्रिका प्रस्तुति के लिए

# सर्वोत्तम पुरस्कार




२० अप्रैल को २०१९ विश्लेषण नामक नेशनल कॉनफरन्स, विवा महाविद्यालय में आयोजित की गयी थी। सायनोफार्म संशोधन केंद्र के छात्र; कौतुक मरोलिआ, प्रथम कलास्नातक, उसमें सहभागी हुए और अपनी शोध पत्रिका प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में मुंबई युनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. सुहास पेडनेकर, उपकुलगुरु डॉ. रवींद्र कुलकर्णी और टाटा के महाप्रबंधक श्री मेहरा बईरानी ये सभी अतिथि स्वरूप उपस्थित थे। इस नॅशनल कॉनफरन्स की प्रतियोगिता में डॉक्टर, प्रोफ़ेसर, विज्ञान के विद्यार्थी, अनुसंधान विद्वान, कुलवाचस्पति, शिक्षक और हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट सहभागी हुऐ थे। कुल मिलाकर ऐसे लगभग २०० प्रतिभागियों में से कौतुक मरोलिआ को मानवीयता श्रेणी में सर्वोत्तम शोधपत्र प्रस्तुतिकरण के लिए पुरस्कृत किया गया। इस विषय में सफलता प्राप्त करके कौतुक ने सम्पूर्ण केशवसृष्टि का गौरव बढ़ाया है।

इस अभ्यास का महत्त्वपूर्ण लक्ष्य था, मानव तथा प्राणी के बीच के तालमेल को समझना, और इसके अंतर्गत व्यवहार के बदलते मिसालों का अध्ययन करना। इन अध्ययनों से कुछ सिद्धांत समझ में आते हैं जिनसे हमें प्राणियों का संवर्धन करने की अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है। इस शोधपत्रिका का उद्देश्य 'प्राणी संरक्षण का पर्यावरण संरक्षण क्रियाओं से कितना सम्बंध है?' इन सूत्रों से पाठकों को परिचित करना है। यह अभ्यास सामाजिक-पर्यावरण के तालमेल के घटनाक्रम को समझने की चेष्टा करता है। कौतुक ने इस विषय के अध्ययन के लिए निसर्ग में से घायल कीट, पक्षी, प्राणी (कुत्ते, गिलहरी, चमगादड़, जुगनू, गोल्डन ओरिओल इत्यादि) का संरक्षण किया था। इस साधारण से संरक्षण कार्य का रूपांतर प्राणी-मनुष्य के संघर्ष को समझने में परिवर्तित हुआ। इस अभ्यास के अंतिम चरण में कौतुक का चयन 'चरोतर राष्ट्रीय पार्क' में मगरमच्छ की गिनती और मानव - प्राणी संघर्ष के कार्य शाला के लिए किया गया था, जो एक बड़ी उपलब्धि है। पर्यावरण के विषय में विशेष रुचि रखने वाला यह विद्यार्थी जल्द ही कीट विज्ञान पर आधारित एक पुस्तिका प्रकाशित करने जा रहा है जिससे पर्यावरण संरक्षण की प्रतिक्रिया तथा परिभाषा फिरसे स्पष्ट हो जाएगी।



**केशवसृष्टि पर्यावरण अध्ययन के लिए महाराष्ट्र सहित अन्य प्रांतों के लोग भी केशवसृष्टि आने लगे है इस ग्रुप में छत्तीसगढ़ प्रान्त से भी आये हुए कुछ लोग केशवसृष्टि की जानकारी ले रहे है।**

# RAM RATNA VIDYA MANDIR
# STUDENT'S SLECTION IN VARIOUS SPORTS

**A. One spirit, one team, one win!!!**

We are proud to announce that two students Master Yashashwi Sharma (Class VIII) and Master Jay Kikani (Class XI Com) cleared the 1st level & got selected for the "2nd" Level of the Cricket player selection tournament (for bowler, batsman, wicket keeper) conducted by Mumbai Cricket Association (MCA).

This tournament was conducted at 34 different locations. Our school played under the location "Mira Road - Vasai" and the matches took place at Sports Ground in Santa Cruz, Mumbai on 15th April 2019.

It must be noted that around 800 students got selected at level 1 from all over the city and our two students are part of it. In the 2nd level, around 50 students will be selected from the chosen 800 students.

Description: image.png

**B. RRVM students take lead in Basket Ball!!!**

Our students got registered with Palghar District Basket ball Association Tournament (Level 1) where 56 basket ball players participated from all over the district. Out of the 56 players, 22 players got selected for level 2.

We are proud to inform that three students Master Keshav Yadav (Class IX), Master Krunal Dhruve (Class IX) & Master Dhruv Singh (Class IX) have got selected and they are part of the 22 players which will be going for level 2.

Description: image.png

**C. RRVM makes it to NIE Newsmakers' Meet 2019-20**

First round included a written quiz in which over 900 students participated from all over Mumbai. 60 students qualified for the II round which comprised of a Personal Interview.

35 students got selected from 60 students to become NIE star correspondents for 2019-20.

We are proud to share that our students Master Manan Shah qualified both the rounds and became one of the NIE star correspondent.

Description: image.png

**D. April 1, 2019: "Padya Pujan" Ceremony for class IV to VIII**

God has made our parents the cause of our existence and made them the source of providing us with unparalleled love and a sound upbringing.

In return they only want our attention, our love and our respect.

To celebrate this love and respect, "Padya Pujan" ceremony was organized for classes IV to VIII. All the concerned parents visited the campus to pick their respective wards for summer vacations and got a wonderful surprise.

During the ceremony, the concerned child took the blessings from their respective parents by washing their feet with water and doing pooja. The parents got overwhelmed with the ceremony and got emotionally



# उपाधिग्रहण समारोह




**मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है,**

**पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।**

उपाधिग्रहण समारोह अत्यंत ही उत्साहपूर्ण समय होता है। इस महत्वपूर्ण समारोह का आयोजन सीनियर के. जी. कक्षा के छात्रों के लिए हमारे विद्यालय में किया गया। छात्रों की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश वेला को स्मरणीय बनाने हेतु ग्रैजुएशन समारोह का आयोजन उल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत बड़े ही आदर, सत्कार व प्रसन्नतापूर्वक किया गया। तत्पश्चात इस महत्वपूर्ण अवसर को आगे बढ़ाते हुए, सर्वप्रथम प्रार्थना की प्रस्तुति की गई जिसमें सभी ने हिस्सा लिया।

माननीय प्रधानाचार्या जी ने सभा को संबोधित करते हुए नन्हें छात्रों को पूर्व प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर की औपचारीक शिक्षा में प्रवेश हेतु शुभकामनाएँ दीं। ग्रैजुएशन समारोह आयोजित करने का उद्देश्य बताया कि बच्चे के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उनमें नवीन, स्रजनात्मक विचारों का उद्भव होता है। उनके विचारों को सही दिशा देने के लिए शिक्षकों की अनुपम भूमिका रहती है। बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण आवश्यक कौशल का विकास करने हेतु, शिक्षक उन्हें जीवन की ओर सरलतापूर्वक अग्रसर होना सिखाते हैं। प्रधानाचार्या जी ने छात्रों की क्षमता, भविष्य में उनकी प्रगति के असीमित लाभ के विषय में प्रकाश डाला।

तत्पश्चात रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें हमारे सीनियर के.जी. के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। बच्चे सज्जनता, प्यार व खुशियों की पहचान होते हैं। उन्ही खुशियों को आगे बढ़ाने हेतु बच्चों ने एक बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति धन्यवाद गाना गा कर दी। उसके बाद चलचित्र द्वारा सभी छात्रों को उनके पूर्व वर्ष की गतिविधियों को दर्शाया गया जो कि सभी छात्रों के लिए एक सबसे महत्वपूर्णव सुनहरी यादें बन गई है।

हमारी प्रधानाचार्य व पूर्व प्राथमिक विभाग समन्वयक ने सभी छात्रों को मंच पर बुलाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किया। ग्रैजुएशन समारोह में सीनियर के.जी. के छात्रों को विधिवत गाउन और टोपी पहनाकर प्रमाणपत्र के रूप में दिया गया। ये एक अद्‌भुत दृश्य था, जिसमें सभी छात्र बहुत उत्साहित थे।

सभी छात्रों ने अपना-अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने अबतक क्या किया और आगे वो क्या करना चाहते हैं, इस बारे में अपने विचार प्रकट किए। छात्रों ने यह भी व्यक्त किया कि उन्हें राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय बहुत अच्छा लगता है। वे सभी ख़ुश हैं कि वे सभी इस परिवार का हिस्सा हैं। सभी माता-पिताओं ने अपने सकारात्मक विचार व्यक्त किये। उन्हें हमारा विद्यालय बहुत पसंद है और वे बहुत भाग्यशाली हैं कि उनके बच्चे यहाँ शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उसके बाद केक काटा गया जो कि इस समारोह की सफलता को दर्शा रहा था।

अंत में हमारी प्रधानाचार्याजी ने सभी छात्रों को पूर्व प्राथमिक स्तर की सफलता पूर्वक समाप्ति व प्राथमिक स्तर में प्रवेश करने पर बधाई दी। उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया कि सभी अपना कीमती समय निकाल कर आये व हमारे नन्हें मुन्हों को आशीर्वाद दिया। समारोह के अंत में रेणू, मैंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

०००

# विदाई समारोह – अगली उड़ान की तैयारी



**विदा होकर आज यहाँ से चले जाओगे,**
**पर आशा है यही कि जहाँ भी जाओगे,**
**सदैव खुशियाँ और सफलता पाओगे ।।**

जब विद्यालय से छात्रों की विदाई होती है तब प्रत्येक शिक्षक की यही मनोकामना होती है कि उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपनाकर छात्र अपने भावी जीवन में सदैव खुशियाँ एवं सफलता प्राप्त कर सकें। यह पल अत्यंत भावुक होता है क्योंकि विद्यालय छात्र का दूसरा घर होता है। अपने खट्टे मीठे अनुभव , भावात्मक उतार चढ़ाव जैसे कई पहलुओं से वे जुड़े होते हैं। यहीं के संस्कार व मूल्यों की पृष्ठभूमि में छात्र अपने भावी जीवन की नींव डालते हैं। दिनांक २८ मार्च ,२०१९ को राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय के सभागृह में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विदाई समारोह 'रेट्रो' थीम पर आधारित था।

सर्वप्रथम सभी छात्रों का बैंड की धुन पर अक्षत कुंकुम लगाकर स्वागत किया गया। सभागृह में छात्रों के लिए लाल कालीन बिछाई गई थी। छात्रों के मन मष्तिष्क में विद्यालय से जुड़ने के अविस्मरणीय पल होते हैं जिन्हें वे अपने साथ ले जाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या, उपप्राचार्या तथा उपस्थित शिक्षकगण की ओर से एक प्रेरणात्मक कथन स्मृति, चिह्न तथा प्रमाण पत्र दिया गया।

कक्षा नौवीं के छात्रों ने विधिवत योजना तथा भरपूर परिश्रम के साथ इस विदाई समारोह का आयोजन किया जो कि सराहनीय था। छात्रों ने ८० के दशक के गानों पर एक अद्भुत नृत्य की प्रस्तुति देते हुए सभा में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम को अग्रसर करते हुए गणित शिक्षक श्री अशोक गोदरा जी ने एक मनोरंजक खेल का आयोजन किया जिसमें कक्षा दसवीं के छात्रों ने पूरे उत्साह और हर्ष के साथ हिस्सा लिया। कक्षा नौवीं के छात्रों ने दसवीं के छात्रों को उनके अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। छात्रों ने उनके मार्गदर्शन के लिए प्राचार्या जी तथा सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया। सभी शिक्षिकाओं ने अपने अनुभव बाँटे तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

विदाई का पल अनमोल होता है। छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए प्राचार्या डॉ. जया पारेख जी ने प्रत्येक छात्र की सराहना करते हुए उसकी विशेषता बतायी और उन्हें यह संदेश दिया कि जीवन में आगे चुनौतियों को खुश होकर अपनाओं और प्रसन्न भाव से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो। आपके द्वारा कमाई गई भौतिक पूँजी आपके व्यक्तित्व तथा अस्तित्व की परिचायक नहीं होगी बल्कि आपके जीवन मूल्य ही वास्तविक आधार होंगे।

समारोह के अंत में सभी छात्रों तथा शिक्षिकाओं को एक साथ मंच पर नृत्य करने के लिए आमंत्रित किया गया। सभी लोग नृत्य में लीन हो गये।

०००

# हेलेन‘ओ’ग्रेडी (वार्षिक नाट्य समारोह) कला क्या है?



**यह इंसान की रचनात्मक आत्मा की यथार्थ के पुकार के प्रति प्रतिक्रिया है।**

संसार के सभी जीवों में मनुष्य श्रेष्ठ है। उसके पास बुद्धि और विवेक के रूप में दो ऐसी नैसर्गिक शक्तियाँ हैं जिनके कारण वह अन्य जीवों से ऊँचा उठ पाया है। आत्मरक्षा की प्रवृत्ति और प्रजनन क्षमता लगभग सभी जीवों में पाई जाती है और वे इनसे सन्तुष्ट हो जाते हैं, परन्तु मनुष्य केवल इससे ही सन्तुष्ट होकर नहीं रह जाता। सम्भवतः यही विचार कला के जन्म का मूल है। कला ही जीवन है। कला, मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। यह मानव की मानसिक शक्तियों का विकास कर उसे पशुत्वसे ऊपर उठाती है। भतृहरिका यह श्लोक मानव जीवन में कला के महत्वपर प्रकाश डालता है।

**साहित्य संगीत कला विहीनः।**
**साक्षात् पशुः पुच्छ विषाण हीनः।।**

आत्म सन्तोष एवं आनन्द की अनुभूति भी इसके अभ्यास से होती है और इसके प्रभाव से व्यक्तित्व का विकास होता है। इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय ‘हेलेन ओ ग्रेडी’ नाट्य समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। मध्याह्न के ३.३० बजे बालासाहेब देवरस सभागृह में बड़ा ही रोमांचक वातावरण बना हुआ था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत के साथ कीया गयी। उसके उपरांत संगीत शिक्षिका प्रतिमा सिंह द्वारा देव स्तुति की गयी।

इसके पश्चात राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ. स्मिता गाँधी और प्राथमिक समन्विका श्रीमती रेनू सिंह ने मुख्य अतिथि श्रीमान नारायण अय्यरजी का परिचय दिया। तत्पश्चात प्राचार्या डॉ. जया पारेख जी ने तुलसी पौधा, पुष्पगुच्छ और शाल देकर अतिथि का स्वागत सम्मान किया। उसके उपरांत श्रीमती उल्का पूरब जी ने विद्यालय की ओर से प्रतिवेदन करते हुए छात्रों के कठिन परिश्रम द्वारा तैयार किये गये नाटकों को क्रमानुसार दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

इस वर्ष वार्षिक नाट्य समारोह में कक्षा १ली, २री, ३री और ८वीं के छात्रों ने भाग लिया। सर्वप्रथम कक्षा ३री के छात्रों ने ‘दि विज़ार्ड ऑफ़ ओ जेड’ नामक नाटक प्रस्तुत किया। द्वितीय क्रमांक पर कक्षा ८वीं के छात्रों ने ‘दि ट्वेल्फ़्थ नाईट’ नाट्य प्रस्तुत करके दर्शकों को प्रभावित किया। तृतीय क्रमांक पर कक्षा १ली व २री के छात्रों ने ‘सिंड्रेला’ नामक मनभावन नाट्य प्रस्तुत करके उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक अभिनय दर्शकों के मन- मस्तिष्क को अपनी ओर आकर्षित करने में पूर्णतः सफल रहा। विद्यार्थियों द्वारा रंगमंचीय विधा के अभिनय ने सभी को उत्साहित तथा आनंदित किया। जीवन को एक नये नज़रिये से देखने का प्रयास सभी ने किया।

नाटक समारोह की समाप्ति पर मुख्य अतिथि जी ने छात्रों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाते हुए मार्गदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. जया पारेख जी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्राचार्या जी ने चलचित्र के माध्यम से यह संदेश दिया कि ‘जीवन में कितनी भी उपाधियाँ प्राप्त कर लो लेकिन आप में अपने से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना, परिवार में प्रगाढ़ संबंध तथा नैतिक मूल्य नहीं हैं तो आपकी सभी उपाधियाँ व्यर्थ हैं’। इन सुंदर विचारों के साथ अंत में धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्र गीत के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

०००

# जामझाड़पाड़ा का दौरा - एक आश्चर्यजनक अनुभव
# ज्ञान का मात्र स्त्रोत अनुभव है

१४ मार्च, २०१९ को हैप्पीनेस क्लब द्वारा गोराई में स्थित जामझाड़पाड़ा गाँव में गतिविधि के लिए परियोजना के रूप में एक सर्वेक्षण किया गया था । प्रधानाचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षक, सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने गाँव का दौरा किया। गाँव में कुल ५२ परिवारों का निवास है । यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं और संघर्ष को समझना और उनका समाधान खोजने में उनकी मदद करना था। इस संबंध में हमने श्रीमती सुषमा दावडे, श्री चंदू परेड और अन्य ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की। दोनों सक्रिय रूप से ग्रामीणों के कल्याण की देखभाल कर रहे हैं और कई परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं । ग्रामीणों के साथ सर्वेक्षण और वार्तालाप ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला है, जिनपर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

ग्रामीण पीने और कपड़े धोने के लिए हैंडपंप के पानी का प्रयोग कर रहे हैं। गाँव में पीने के पानी की बहुत कमी है। गाँव का अधिकाँश हिस्सा गरीबी से त्रस्त है। ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय मछली पकड़ना है और उनको न्यूनतम सुविधाओं का अभाव है जैसे स्वच्छता की कमी, बिजली, पानी, प्राथमिक शिक्षा और रसोई गैस का अभाव, खाना बनाने की असुविधा आदि। परिवहन भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा रहे हैं। यह गाँव लगभग पाँच वर्ष से यहाँ बसा हुआ है फिर भी ये ग्रामीण बिजली से वंचित है । इस क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा का न होना भी एक चिंता का विषय है।

राम रत्ना अंतरराष्ट्रीय विद्यालय के छात्रों को ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए उनके जीवन और ग्राम विकास संबंधित प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया। कुछ माता-पिता भी सक्रिय रूप से चर्चा में लगे थे और उन्होंने वहाँ के लोगों को प्रासंगिक सलाह दी । इस सर्वेक्षण का अनुभव आँख खोलने वाला और अविस्मरणीय था । छात्रों और अभिभावकों को ग्रामीण विकास करने के लिए प्रोत्साहित करनेवाला रहा । हमें स्पष्ट रूप से पता चल गया है कि जामझाड़पाड़ा में जीवन को बेहतर बनाने के लिए किन बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है । सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग करके हम ग्रामीणों के कल्याण के लिए बेहतर परियोजना बना रहे हैं। इसके लिए एक कोर कमेटी बनाई गई है, जिसमें हमारे विद्यालय की कमेटी के सदस्य, हितार्थी अभिभावक, शिक्षक संघ के सदस्य, माता-पिता और विद्यार्थी शामिल हैं। इसकी एक सभा ३० मार्च को बुलाई गयी थी जिसमें ग्रामीणों की सबसे अहम ज़रूरतों को पूरा करने की चर्चा की गई।

अंत में यह निर्णय लिया गया कि गाँव में सबसे पहले एक हैंडपंप लगवाया जाए ताकि ग्रामीणों को पीने का साफ़ पानी मिल सके। इस कार्य को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा गुलक में जमा की गयी राशि और उसके अलावा माता-पिता द्वारा भेजी गई राशि का प्रयोग किया जाएगा। यह राशि गर्मी की छुट्टियों से पहले ही इकट्ठी की जाएगी।

प्रधानाचार्या डॉ. जया पारेख द्वारा दिये निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन के लिए और सभी संभव तरीकों से समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के लिए उनके प्रति आभार प्रदर्शन के साथ सभा सम्पन्न हुई।



# बाल शोषण को विरोध



बेहतर समाज बेहतर बच्चों से बनता है अतः उन्हें स्वस्थ बचपन देना बड़ों का कर्तव्य है। इस पंक्ति को ध्यान में रखते हुए बच्चों में जागरुकता पैदा करने में मदद के लिए कि बाल शोषण क्या है? इसे बच्चे कैसे पहचानें और उसके बाद कैसी प्रतिक्रिया करें या प्रतिक्रिया दें ? इन विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय ने बाल शोषण पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया जिसका शीर्षक था 'आओ बात करें' जिसे श्रीमान महेश पंजाबी द्वारा संचालित किया गया, जो परवरिश इंस्टीट्यूट ऑफ पेरेंटिंग के प्रमुख हैं जिन्हें पश्चिमी भारत के क्षेत्र में पंजीकरण प्रबन्धक के रूप में लैंडमार्क वर्ल्डवाईड (एजुकेशन कंपनी) के साथ कार्य करने का अनुभव है। आरम्भ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया पारेख जी ने अतिथि स्वागत पुष्पगुच्छ भेट करके किया।

तदोपरांत सत्र की शुरुआत श्रीमान पंजाबी जी द्वारा बाल शोषण का वास्तविक अर्थ क्या है? इस विषय पर वार्तालाप के साथ प्रारम्भ हुई, ताकि बाल शोषण पर एक चलचित्र दिखाकर बच्चों से परिचय कराया जा सके। साथ ही सत्र में बाल दुर्व्यवहार के उन्मूलन पर एक महत्वपूर्ण बिंदु था जिसने सत्र संचालक और बच्चों के बीच बातचीत को और मज़बूत किया। यह सत्र विशेष रूप से छात्रों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में समझने और कुछ घटनाओं, तथ्यों को बताते हुए इस तरह की घटनाओं पर प्रतिक्रिया करने पर केंद्रित था। साथ ही साथ प्रतिक्रिया के तरीकों और उपलब्ध सहायता के साधनों के बारे में जानकारी दी गई।बच्चों को कुछ नियम समझाये गये। बच्चों से उनकी पसंदीदा वस्तुओं तथा लोगों आदि के विषय में प्रश्न पूछे गये फिर उनसे पूछा गया कि उन्हें क्या अच्छा लगता है ? उन्हें कौन खुश रखता है ? उन्हें कौन दु:ख देता है? उन्हें कौन डराता है ?

तत्पश्चात बच्चों को शरीर के निजी हिस्सों का नाम बताने के किए कहा गया। स्क्रीन पर लड़के और लड़की के चित्रों को प्रदर्शित किया गया। जिसके माध्यम से बच्चों के साथ शरीर के निजी और गैर-निजी हिस्सों पर चर्चा की गई। फिर बच्चों को एक लड़के और लड़की का चलचित्र दिखाया जिसमें विभिन्न परिस्थितियों में बाल यौन शोषण के उदाहरण थे। बच्चों से पूछा गया कि चलचित्र में जो हुआ वो सही था या नहीं। बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में समझाया गया। बच्चों को तब सूचित करने के महत्व के बारे में बताया गया जब किसी ज्ञात या अज्ञात लोगों द्वारा असुरक्षित स्पर्श का सामना किया जाता है। उन्हें अपने जीवन में विश्वसनीय लोगों की पहचान करने के लिए कहा गया जिससे वे अपने अनुभवों को साझा करते हैं। उन्हें चाइल्ड लाइन, पुलिस और ग़ैर-सरकारी संगठनों जैसे बच्चों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणालियों के बारे में भी बताया गया जिन्हें जरूरत के समय प्रयोग किया जा सकता है। इस सत्र ने न केवल बच्चों में जागरुकता पैदा की बल्कि उन्हें सुरक्षित रहने और सही क्या है और गतल क्या है? इसकी पहचान करने के लिए योग्य बनाया।

---

# पिकनिक - एस्सेल वर्ल्ड की दुनिया का सफ़र (मनोरंजन पार्क एवं पक्षी अभयारण्य)

मनोरंजनात्मक एवं शैक्षणिक पर्यटन एक ऐसा अनुभव है जो मनोरंजन के क्षणों का आनंद उठाने के साथ साथ ही हमें नये जीवों तथा नयी वस्तुओं के बारे में जानकारी देता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे राम रत्ना अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय द्वारा पूर्व-प्राथमिक विभाग और प्राथमिक विभाग के छात्रों के लिए एस्सेल वर्ल्ड में एक दिवसीय पिकनिक का आयोजन किया



गया । इस पिकनिक का उद्देश्य केवल बच्चों का मनोरंजन करना नहीं था, किन्तु उन्हें पक्षी अभयारण्य के विविध पक्षियोंसे अवगत कराना भी था।

१५ मार्च को सुबह ९ बजे हमने एस्सेल वर्ल्ड की तरफ़ प्रस्थान किया। वहाँ पहुँचकर सभी छात्रों ने स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद उठाया। नाश्ते के बाद सभी बच्चों ने एस्सेल वर्ल्ड में विभिन्न प्रकार के झूले तथा रोलरकोस्टर जैसे अन्य राइड्स का भरपूर आनंद उठाया।

एस्सेल वर्ल्ड के मज़े उठाने के बाद सभी बच्चों ने भोजन किया । बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन का आयोजन किया गया था। भोजन के उपरांत सभी छात्रों ने एस्सेल वर्ल्ड बर्ड पार्क (पक्षी अभयारण्य) के सफ़र का आनंद उठाया । इस पक्षी अभयारण्य में ४०० से भी अधिक विभिन्न प्रजाति के पक्षी हैं । हमारे छात्रों ने इस पक्षी अभयारण्य में विभिन्न स्थलीय, जलीय और उड़नेवाले पक्षियोंका अवलोकन किया। हमारे छात्रों को इन सभी पक्षियोंको करीब से देखने का अवसर मिला । यहाँ के पक्षी विशेषज्ञोंने हमारे छात्रों को सभी पक्षियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस पिकनिक का हमारे सभी छात्रों ने भरपूर आनंद लिया और पक्षियों के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी भी प्राप्त की । कुल मिलाकर छात्रों के लिए यह पर्यटन अविस्मरणीय तथा मनोरंजनात्मक रहा।

# गौशाला
# गौमाता को पोषक भोजन के लिए गौशाला में प्रयोग



केशवसृष्टि स्थित गौशाला गौप्रेमियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गयी है तथा कोई भी गौसेवक यहाँ आने से नहीं चूकना चाहता है। वहीं गौशाला की ओर से गौसेवा के लिए नित नये प्रयोग किये जाते हैं ताकि गौमाता को पौष्टिक भोजन मिल सके । इस क्रम में केशवसृष्टि गौशाला के कार्यवाह डॉ. सुशील अग्रवाल ने बताया कि हम नव प्रयोग की ओर हैं तथा हमें आशातीत सफलता मिल रही है उन्होंने बताया कि वेटर्निटी डायटीशियन डॉ चंद्रकांत पाटिल के मार्गदर्शन में गायों हेतु विशेष खाद्य जो पौष्टिक हो उस फार्मूले को हम आधार बना कर आगे बढ़ रहे हैं। सामान्यतया गौमाता को होने वाली बीमारी जैसे ऐसिडिटी, विटामिन की कमी, डी हाइड्रेशन आदि की पूर्तता हेतु प्रयोग के माध्यम से गौमाता का स्वास्थ्य ठीक रहे, स्वास्थ्य में सुधार हो दूध का उत्पादन तथा प्रजनन शक्ति बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। गौमाता के लिए हमने पोषक तत्वों का विशेष खाद्य बनाया है जिसके हमें पिछले ६ माह में अपेक्षाकृत परिणाम मिले हैं तथा हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं! इसके अतिरिक्त सभी गायों का निर्जंतुकरण करवाया है तथा टीकाकरण भी करवाया गया है! उन्होंने बताया कि गौमाता भारत का प्राण है तथा वर्तमान में गौवंश हेतु जितने भी प्रयास किये जायें कम हैं आज भारत के प्रत्येक घर में एक गौमाता का पालन करने की ज़रूरत है परंतु शहरी आबादी में यह कठिन है, ऐसी स्थिति में गौशाला ही विकल्प है।

# पुण्यतिथि पर प्रमोद महाजनजी को श्रद्धांजलि





केशवसृष्टि स्थित रामभाऊ म्हालगी में सफलता पूर्वक अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके दिवंगत अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय व संचार मंत्री तथा कभी भाजपा में दूसरे नंबर के माने जाने वाले कद्दावर नेता दिवंगत प्रमोद महाजन की तेरहवीं पुण्यतिथि पर रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता माधव भंडारी ने प्रमोद महाजन को श्रद्धांजलि दी तथा कहा कि प्रमोद महाजन कार्यक्रम करने व कार्यक्रम की तैयारी में निपुण थे । इस अवसर पर उन्होंने श्रोताओं के समक्ष अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे दिवंगत महाजन के साथ कई बार काम करने का अवसर मिला। इस अवसर पर उन्होंने कई संस्मरण भी सुनाये, दिवंगत प्रमोदजी समय की पाबंदी के काफी हिमायती थे।

उन्होंने कहा मैंने उनके साथ आपातकाल में भी काम किया। उनमें सबको साथ लेकर चलने तथा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने की कला थी! इस अवसर पर एक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि एक बार हमें दूरदर्शन पर आमंत्रित किया गया जहाँ केवल ५ मिनट ही बोलना था क्योकि अन्य पार्टियां भी थीं, तो बाकायदा मेरा भाषण टेप किया गया तथा बाद में यह सुनिश्चित किया गया कि भाषण ५ मिनट का है या नही? महाराष्ट्र में भाजपा तथा शिवसेना के गठबंधन को लेकर उन्होंने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि जब गठबंधन हुआ तो दिवंगत महाजन ने प्रदेश के सभी जिलों में प्रवास कर सभी कार्यकर्ताओं से बात की तथा उन्हें यह समझाया कि युति कितनी फायदेमंद साबित होने वाली है! वे समय की पाबंदी के काफी पक्षधर थे। उन्होंने आपातकाल में भी व्यख्यान माला की। इस अवसर पर उन्होंने गोपीनाथ मुंडे का भी जिक्र किया तथा कहा कि प्रमोदजी तथा गोपीनाथजी का स्वभाव भले ही भिन्न रहा हो मगर मित्रता गहरी थी।

इस अवसर पर अरविंद रेगे, भाजपा जिला अध्यक्ष हेमंत म्हात्रे, नगर सेवक डॉ शुशील अग्रवाल, मदन सिंग, राकेश शाह, भाजपा महामंत्री भरत बोहरा सहित अनेक नगरसेवकों सहित गणमान्यवर भी उपस्थित थे ।

यहाँ यह गौरतलब है कि रामभाऊ म्हालगी के दिवंगत अध्यक्ष प्रमोद महाजन राजनीति के वह क्षितिज रहे जिनका शुरुआत में तो कोई खास राजनीतिक आधार नही था परंतु अपनी कार्यपद्धति तथा परिश्रम ने उन्हें उस स्थान पर पहुँचा दिया जहाँ कभी उन्हें चाणक्य की उपाधि से भी लोग संबोधित करते थे! ३० ऑक्टोबर १९४९ में आंध्र प्रदेश के महबूबनगर में जन्मे प्रमोद जी ३ मई २००६ में हमेशा के लिए प्रकृति माँ की गोद में सो गये। उनकी तेरहवीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

०००

# केशव सृष्टी - ग्राम विकास योजना



सोकार बिजली प्रकल्प का उदघाटन



गमलों मे पौधे लगाते हुए प्रशिक्षार्थी - केडिया फार्म



टेटवाली के बांबू हस्तकला प्रकल्प की महिलाएं



आधुनिक बैंगन की खेती

**जल स्त्रोत संधारण प्रकल्प** कुंभरखांड गाव का कुंआ तथा भूमिगत बंधारा







## केशवसृष्टि के विभिन्न प्रकल्पों में हुआ भगवान स्वामीनारायण का अभिषेक



Postal Registration No. THW/06/2017-2019

RNI No. 72232 / 99




यह पत्रिका मुद्रक एवं प्रकाशक सुरेश भगेरिया द्वारा केशवसृष्टि के लिए यूनिटी आर्ट ऑफसेट, ३०२, वडाला उद्योग भवन, वडाला, मुंबई - ४०० ०३१ से मुद्रित और केशवसृष्टि, उत्तन, भायंदर, जि. ठाणे से प्रकाशित हुई है. - संपादक : **सुदर्शन शर्मा**